



भरतकूप में प्रभातफेरी निकालते सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप के बच्चे (बाएं)। भारत माता की जय का उद्घोष करते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य (बीच में)। श्री रावतपुरा सरकार संस्थान शृंगारवन में भी गणतंत्र दिवस पर सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने प्रभातफेरी निकाली। निदेशक रामपाल सिंह कौरव ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश शौरभ गोस्वामी रहे। श्री रावतपुरा सरकार संस्कृत उ.मा. विद्यालय व बीएड, डीएलएड, फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य सर्वेश जाटव, हरिकृष्ण शुक्ल, सहायक कुलसचिव जयराज सिंह, सतीश गिरि अध्यापक व कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहीं। (दाएं) अमृत विचार

## एक नजर

### आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी जिला चिकित्सालय राहुल सिंह ने स्कूटी चोरी की घटना का खुलासा किया है। आरोपी को स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया है। 24 जनवरी को भानुप्रताप सिंह यादव निवासी चित्रकूट (सतना) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पासी तिराहे के पास से किसी ने उसकी स्कूटी चुरा ली है। चौकी प्रभारी ने विवेचना से प्रकाश में आए आरोपी धर्मेंद्र कुमार वर्मा पुत्र रामविलास निवासी पासी तिराहा के पास कर्वी को पकड़ा। इसने स्कूटी की नंबर प्लेट बदल दी थी और चेचिस नंबर को घिस दिया था। पुलिस टीम में आरक्षी आदित्य पाल, बहोरन सिंह, जयनारायण पटेरिया शामिल रहे।

### दो घंटे में गुमशुदा बच्चों को पुलिस ने ढूंढा

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने दो बच्चों को दो घंटे के अंदर ढूंढ निकाला। 26 जनवरी को सीमा पत्नी लक्ष्मण व रीता पत्नी सुखराज निवासीगण सकरौंहा ने शाम को सूचना दी थी कि उनके पुत्र क्रमश: अमर (10) व संजय (6) घर से कहीं चले गए हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ स्वयं बालकों को खोजने निकलीं और दो घंटे में दोनों को ढूंढ निकाला। बच्चों को पाकर महिलाओं ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस टीम में आरक्षी संजय सिंह यादव और रामकेश कुशवाहा शामिल रहे।

### पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**चित्रकूट।** मारकुंडी थाने के एसआई द्रगपाल सिंह ने आबकारी अधिनियम के वारंटी सुरेश कोल पुत्र रामा निवासी जारोमाफी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी शिवलाल शामिल रहे।

### जमीन पर कब्जा कर दुकानें बनाने का आरोप

**भरतकूप।** अकबरपुर ब निवासी शुभम सिंह और रमेशचंद्र ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर ग्रामसभा की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि बांदा-प्रयागराज रोड के किनारे की बेशकीमती जमीन पर कुछ लोगों का पट्टा हुआ था। अपात्र पाए जाने पर पट्टा निरस्त कर दिया गया। अब इस पर गांव के एक व्यक्ति ने इस पर दुकानें बना ली हैं और किराये पर उठा दिया है।

# आन, बान और शान से लहराया तिरंगा

## गणतंत्र दिवस पर राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने किया ध्वजारोहण, दी राष्ट्रीय पर्व की बधाई

**चित्रकूट, अमृत विचार।** जिले में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, भवनों में तिरंगा आन, बान और शान से फहराया गया। पुलिस लाइंस में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग संजीव कुमार गौड़ ने ध्वजारोहण किया और सभी को राष्ट्रीय पर्व की बधाई दी।

समारोह में डीएम अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी, एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एस सुधाकरन, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी आदि अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली। एसआई गंगाधर दुबे व राजेंद्र कुमार को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र व मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार कुशवाहा को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कई पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। विकास भवन में सीडीओ अमृत पाल कौर, एसपी कार्यालय में एसपी अरुण कुमार सिंह, कर्वी विकासखंड में बीडीओ आस्था पांडेय, जिला पूर्ति कार्यालय में डीएसओ आनंद कुमार सिंह, रानीपुर टाइगर रिजर्व मुख्यालय में उप निदेशक डा. एनके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, तहसील में एसडीएम, परिवहन विभाग आरटीओ कार्यालय में विवेक शुक्ला, जिला सूचना कार्यालय में सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार, नगर पालिका में अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता और ईओ लाल जी, जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव और अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार, के आर इंटरप्राइजेज बनकट शंकर बाजार में दीपक उर्फ चुन्नु भोजवाल, प्रिया मसाला इंडस्ट्रीज में ब्रजेश त्रिपाठी आदि की अगुवाई में झंडारोहण व कार्यक्रम हुए। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने ग्रामोदय परिसर स्थित रजत जयंती भवन में तिरंगा ध्वज फहराया। चित्रकूट इंटर कालेज में डॉ. रणवीर सिंह चौहान ने तिरंगा फहराया और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने एनसीसी परेड की सलामी ली। एनसीसी के श्रेष्ठ कैडेटों को डॉ. विकास सिंह सेंगर व डॉ. संगीता सिंह ने सम्मानित किया।

शारदा आदर्श इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण के बाद प्रबंधक भरत प्रसाद कुशवाहा, प्रधानाध्यापक शिवलाल कुशवाहा और अध्यापकों, बच्चों ने तिरंगे को सलामी दी। सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यक्ष कल्लू राम गुप्ता, शंकरलाल गुप्ता, प्रबंध समिति, प्रधानाचार्य भगवानदीन कुशवाहा एवं आचार्यों की उपस्थिति में समारोह हुआ।



राज्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार



जानकीकुंड में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक डॉ. बीके जैन ने ध्वजारोहण किया। शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्ष उषा जैन, ट्रस्टी इलेश जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पूनम आडवाणी आदि मौजूद रहे।

### राजापुर में भी रही गणतंत्र दिवस की धूम

कस्बा सहित ग्रामीण अंचलों गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, तुलसी इंटर कॉलेज, वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय, केदारनाथ रामस्वरूप महाविद्यालय, केदारनाथ जगन्नाथ महाविद्यालय खटवारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। तहसील परिसर में एसडीएम प्रमोद झा ने लोगों को कर्तव्यपालन की प्रेरणा दी। नगर पंचायत में अध्यक्ष संजीव मिश्रा व ईओ ने ध्वजारोहण के पश्चात वीर शहीदों को नमन किया। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार आर्य ने झंडारोहण किया। कार्यक्रमों में सभासद शंकर दयाल जायसवाल, तारिणी कुमार गर्ग, जितेंद्र सोनकर, उदल, गजराज, देवगुलाम वर्मा, राकेश नामदेव, सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, अमित मिश्रा, विकास मिश्रा, वीरेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।




पहाड़ी में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं हरिमोहन इंटर कालेज की छात्राएं।



भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह की अगुवाई में किसानों ने ट्रैक्टर परेड निकाली। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल, नरेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजकिशोर सिंह आदि मौजूद रहे। अमृत विचार



शारदा इंटर कालेज भरतकूप में हुए कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। अमृत विचार



गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते एसडीएम राजापुर। अमृत विचार



एमजेएच बुंदेलखंड इंटरनेशनल स्कूल में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय एडवोकेट ने बच्चों को आजादी का महत्व समझाया। अमृत विचार

### पहाड़ी में बच्चों ने कार्यक्रमों से मन मोहा

गणतंत्र दिवस पर थाने में प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल, खंड विकास अधिकारी कार्यालय में बीडीओ दिनेश कुमार मिश्रा, सीएचसी में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उदय प्रताप सिंह, पालेश्ववर नाथ इंटर कालेज में प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह, रघुबीर प्रसाद बालिका इंटर कालेज में प्रबंधक प्रेमनारायण गुप्ता, हरिमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन में संस्थापक हरिमोहन सिंह ने ध्वजारोहण किया। हरिमोहन इंटर कालेज की छात्राओं के कार्यक्रमों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# संकल्प लें कि अब नहीं करेंगे कोई अपराध : धर्मवीर प्रजापति



बंदियों को संबोधित करते राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

**संबोधन**

- कारागार मंत्री ने जिला जेल के बंदियों को किया प्रेरित
- कुख्यात अपराधियों के बहकावे में न आने की अपील

**अमृत विचार।** प्रदेश के कारागार एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। कारागार मंत्री ने बंदियों से कहा कि लोग एक गलती से जेल में आ जाते हैं और परिवार बर्बाद हो जाता है। प्रेरित किया कि संकल्प ले कि आगे से कोई ऐसी गलती नहीं करेंगे कि जेल आना पड़े।

उन्होंने बंदियों से आत्मीयता की बातें कीं। कहा कि कुख्यात अपराधियों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि आप गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा आदि का पाठ करें, तो गलत काम नहीं करेंगे। जो जिस धर्म का है, उससे संबंधित पाठ करें। उन्होंने कहा कि इच्छा है कि बंदी जब भी यहां से बाहर जाएं तो एक अच्छा इंसान बनकर जाएं। उन्होंने बंदियों से जेल में काम सीखने और पैसा घर भेजने को भी प्रेरित किया। जेल एक सुधार गृह है जहां रहकर व्यक्ति अपनी पुरानी गलतियों को न दोहराए।

कारागार मंत्री ने ऐसे कैदी, जिनसे कोई भी मिलने नहीं आता है, को 150 कंबल, 100 इनर वितरित किए। साथ ही सुंदरकांड व हनुमान चालीसा की पुस्तकें भी दीं। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला कोऑपरेटिव अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एसडीएम सौरव यादव, सीओ हर्ष पांडेय, जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, रजनीश सिंह, बृज किशोरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# तहरीर देकर ग्रामीण बोले- नहीं किए किसी सहमति पत्र में हस्ताक्षर

- प्रधानपति पर लगाया धमकाने का आरोप, दी तहरीर

**भरतकूप, अमृत विचार।** अकबरपुर ब ग्राम पंचायत की बुद्धनगर बस्ती ने थाने में तहरीर देकर ग्राम प्रधानपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सहमति पत्र पर दस्तखत बनाने के लिए उन लोगों को धमकाया जा रहा है और इस पर फर्जी दस्तखत भी बनाए गए हैं।

गांव के मोहन, अनीता, श्रीपाल, रानी, धरमपाल, प्रेमा, दिल्ला दादू, भारत, पूजा, श्यामबाबू, मोतीलाल, मुन्नी, उमा, गुड्डी आदि ग्रामीणों ने बताया कि उन लोगों ने लिंक रोड संबंधी किसी भी सहमति पत्र पर दस्तखत या अंगूठा निशान नहीं लगाया है। आरोप लगाया कि प्रधानपति द्वारा उन लोगों को घरों में बुलडोजर चलवाने की धमकी दी जा रही है, जिससे उन लोगों में दहशत है। थाने में तहरीर देकर प्रधानपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार की है।

**सक्रियता** कार्यदायी संस्था को नाले पर बनाई जा रही दीवार को अच्छी तरह से बनाने के निर्देश

# डीएम-एसपी ने किया निर्माणाधीन थाने का मुआयना

**चित्रकूट, अमृत विचार।** डीएम अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को सरधुआ में निर्माणाधीन थाना भवन का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग भवन खंड बांदा को निर्देशित किया कि नाले पर बनाई जा रही दीवार को अच्छी तरह से बनाएं। मानवशक्ति बढ़ाकर निश्चित समयावधि में काम पूरा कराएं। उन्होंने निर्माणाधीन थाने के पास की जमीन का चिह्नांकन कराने के भी निर्देश चकबंदी अधिकारी राजकुमार सिंह को दिए। उप जिलाधिकारी राजापुर को निर्देशित किया कि सड़क के किनारे नाली को ग्राम प्रधान द्वारा बनवाएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, तहसीलदार फूलचंद यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन खंड सुभेंदु सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी महेंद्र सिंह, थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। बाद में दोनों अधिकारियों ने सीतापुर थाना, महिला थाना, पर्यटन थाना एवं न्यायिक गेस्ट हाउस की भूमि का भी निरीक्षण किया।



मुआयना करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

# लिपिक की असामयिक मौत से कर्मी और शिक्षक आक्रोशित

- कहा, पीड़ित परिवार के साथ खड़े, कराएंगे हर संभव कार्रवाई

**चित्रकूट, अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में कार्यरत लिपिक लवलेश कुमार पांडेय की असामयिक मौत से शिक्षकों, कर्मचारियों में जबर्दस्त आक्रोश है। कर्मचारी और शिक्षक नेताओं ने कहा है कि वे लोग न्याय के लिए परिवार के साथ खड़े हैं।

गौरतलब है कि मूल रूप से पहाड़ी थानांतर्गत खरसेड़ा निवासी लवलेश कुमार पांडेय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक थे। उनके बेटे विनीत ने बताया था कि उनको 13 अक्टूबर को निलंबित किया गया था। उनके साथ ही एक अन्य लिपिक भी निलंबित हुआ था। विनीत का आरोप है कि उसके पिता बताते थे कि उस लिपिक को पैसा लेकर बहाल कर दिया गया, जबकि उनसे अधिकारी दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। सक्षम अधिकारी बीएसए दो साल से पेंडिंग एश्योर्ड करियर प्रोग्रेसन (एसीपी) भी नहीं लगा रहे थे। विनीत ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मानसिक रूप से परेशान होने पर उसके पिता की तबीयत खराब हो गई और प्रयागराज में इलाज के दौरान उनकी गुरुवार को मौत हो गई। विनीत का आरोप है कि बीएसए के दबाव और उत्पीड़न की वजह से ही उसके पिता की जान गई है। उधर, इस संबंध में बीएसए लवप्रकाश यादव ने आरोपों को निराधार बताते हुए शराब की वजह से बीमार होने और फिर मौत होने की बात कही थी। लिपिक की असामयिक मौत से शिक्षकों और कर्मचारियों में जबरदस्त आक्रोश पनप रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने कहा कि यह प्रताड़ना का अकेला मामला नहीं है। इसमें तो लिपिक की मौत हो गई, इसलिए मामला सामने आ गया। बताया कि चित्रकूट ब्लाक में एक प्रधानाध्यापक हैं, जो ट्राइसाइकिल से विद्यालय जाते हैं, दो साल से उनका चयन वेतनमान स्वीकृत नहीं हुआ। आरोप लगाया कि बीएसए आफिस में बिना पैसे लिए काम नहीं होता। इस संबंध में हर अधिकारी और जनप्रतिनिधि को बताया जा चुका है। तानाशाही है, क्या किया जा सकता है। समान आदेशों में भेदभाव किया जा रहा है। बताया कि ऐसे भी मामले में है कि एक ही दिन में प्रत्यावेदन मिलने के बाद उसी दिन बहाली हुई और कई मामले सालों से लंबित है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय ने बताया कि वह भी पीड़ित परिवार के साथ हैं। रविवार को मृतक लिपिक के परिजनों से मिलेंगे और फिर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास उर्फ हीरो मिश्रा ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को भी मामले की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बीएसए की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगाए। आरोप लगाया कि संस्पेंशन, बहाली वेतन लगाने आदि में पैसा लिया जा रहा है।

# कैदी संकल्प लें, जेल से छूटकर दोबारा गलती नहीं करेंगे: धर्मवीर

## राज्यमंत्री कारागार एवं होमगार्ड ने मंडल कारागार में बांटे कंबल व इनर


कैदियों को कंबल बांटते जेल राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति।


कैदियों को सुंदरकांड पुस्तक बांटती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार:** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार को मण्डल कारागार में निरुद्ध ऐसे कैदियों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल व इनर का वितरण किया, जिनके परिजन उनसे मिलने नहीं आते। इसके साथ ही उन्होंने सभी बंदियों को हनुमान चालीसा व सुन्दरकाण्ड की पुस्तक का वितरण कर उनसे सीधा संवाद किया। राज्य मंत्री ने कहा कि सभी संकल्प लें, कि जेल से छूटने के बाद दोबारा कोई भी गलत कार्य नहीं करेंगे। अपनी सोच में बदलाव लाकर अपने गांव और पड़ोस के लिए अच्छा कार्य करेंगे। सभी धर्म के रास्ते पर चलकर अच्छा मार्ग अपनायेंगे और अन्य लोगों को भी अच्छे रास्ते पर चलने को प्रेरित करेंगें।

राज्य मंत्री ने इस अवसर पर बताया कि उत्तर प्रदेश की जेलों में 40 वर्ष से तक के नवजवान कैदी सबसे अधिक निरुद्ध हैं। जेल में निरुद्ध कैदी अपने माता-पिता, परिवार, पत्नी एवं बच्चों को छोड़कर जेल में बंद हैं। इसलिए वे संकल्प लें कि अब दोबारा उनसे कोई भी ऐसा गलत काम नही होगा, जिसके कारण उनको जेल काटनी पडे, क्योंकि जेल जाने से पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है। बच्चों की पढाई-लिखाई, बहन-भाइयों की शादी-विवाह में व्यवधान उत्पन्न होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति देखने का नजरिया भी बदल जाता है। समाज ऐसे लोगों को स्वीकार नहीं करता। इसलिए आप जेल से छूटने के बाद अच्छा कार्य करें ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाये। कहा कि जेल में रहकर जो भी पैसा कमा रहे हैं, अपने परिजनों को देकर उनका सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि आपस में बैठकर एक-दूसरे के केस से सम्बन्धित चर्चा न करें, बल्कि हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड का पाठ कर सही रास्ता अपनायें तथा अच्छा इन्सान बनकर जेल से निकलें। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी निरूद्ध कैदी सच्चे रास्ते पर चलकर अपना एवं अपने परिवार के लोगों का जीवन सार्थक बनायें। संकल्प लें कि अब उनसे भविष्य में किसी भी प्रकार की गलती नही होगी और वह हमेशा सही रास्ते पर चलकर अपने परिवार के लोगों को खुशहाल बनायेंगे। कार्यक्रम के बाद राज्य मंत्री ने बताया कि सर्दियों में प्रतिवर्ष कम्बल व इनर कैदियों को वितरण किये जाते हैं, उसी क्रम में मण्डल कारागार में कम्बल एवं इनर का वितरण किया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विजय शंकर तिवारी, जेलर योगेश कुमार तथा वरिष्ठ अधीक्षक जेल डॉ.वीरेश्वर राय शर्मा उपस्थित रहे।

## खर्च को रुपये न मिलने पर युवक ने फांसी लगा जान दी

**नरैनी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कुइयाकगर गांव के मजरा शाहपाटन गांव निवासी गोपाल (35) पुत्र रामजी ने शुक्रवार की रात कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शनिवार की सुबह काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंचे परिजनो ने खिड़की तोड़कर देखा तो उसका शव पंखे की हुक पर फंदे से लटक रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई राकेश ने बताया कि गोपाल सूरत में रहकर काम करता था। वह एक सप्ताह पहले सूरत से गांव आया था। पिता से पांच हजार रुपये खर्च के लिए मांग रहा था। इस पर पिता ने रुपये देने से मना कर दिया। इसी से क्षुब्ध होकर गोपाल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था।

# पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों का हक छीनना चाहती भाजपा सरकार

- सपा की पीडीए जन पंचायत में संविधान रक्षा को भरी हुंकार

**संवाददाता, बबेरू (बांदा)**


ग्रामीण जनता को संबोधित करते बबेरू विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र के अलिहा गांव में आयोजित जन पंचायत में संविधान और पीडीए के अधिकारों की रक्षा के लिए हुंकार भरी गई। सपा विधायक ने कहा कि भाजपा सरकारें डॉ.भीमराव अंबेडकर के संविधान को खत्म कर पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का हक छीनना चाहती है।

विधान सभा क्षेत्र के अलिहा गांव में क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव की अगुवाई में आयोजित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जन पंचायत में हक और सम्मान की बात की गई। विधायक ने कहा कि सत्ता के मद में चूर भाजपा सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है। हर मोर्चे पर असफल भाजपा सरकारें अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए संविधान को खत्म करने पर अमादा है। इस सरकार को संविधान और लोकतंत्र में कोई भरोसा नहीं है और संविधान की समाप्ति ही इस सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख वरुण यादव, बाला पटेल, कमल पाल, पप्पू पटेल, ज्ञान सिंह, महेंद्र यादव, पुत्तन सिंह, अखिलेश पाल, महेंद्र पटेल, पंकज सिंह, डॉ.विमलेश खेंगर, भूपेंद्र सिंह, बल्लू आदि उपस्थित रहे।

## ध्रुव चरित्र का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**संवाददाता, तिंदवारी (बांदा)। अमृत विचार :** कस्बे के प्राचीन मां काली देवी मंदिर में विश्वकर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र का सुंदर वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा वक्ता ने कहा कि हमें समझना चाहिए कि नाम जप व दृढ संकल्प से ईश्वर शीघ्र प्रसन्न होकर हमारा कल्याण करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के प्रवक्ता आचार्य गोपाल मिश्र ने अपनी मधुर वाणी से कथा के तीसरे दिन भक्त ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि राजा उत्तानपाद की सुनीति और सुरुचि नामक दो भार्याएं थीं। राजा उत्तानपाद के सुनीति से ध्रुव तथा सुरुचि से उत्तम नामक पुत्र उत्पन्न हुए। सुनीति बड़ी रानी थी, पर राजा उत्तानपाद का प्रेम सुरुचि के प्रति अधिक था। एक बार राजा उत्तानपाद ध्रुव को गोद में लिए बैठे थे, तभी छोटी रानी सुरुचि वहां आई। अपने सौत के पुत्र ध्रुव को राजा की गोद में बैठे देखकर वह ईर्ष्या से जल उठी। झपटकर उसने ध्रुव को राजा की गोद से खींच लिया और अपने पुत्र उत्तम को उनकी गोद में बिठाते हुए कहा, रे मूर्ख! राजा की गोद में वही बालक बैठ सकता है, जो मेरी कोख से उत्पन्न हुआ है। तू मेरी कोख से उत्पन्न नहीं हुआ है। तुझे इनकी गोद में तथा राज सिंहासन पर बैठने का अधिकार नहीं है। यदि तेरी इच्छा राज सिंहासन प्राप्त करने की है, तो श्रीहरि नारायण का भजन कर। उनकी कृपा से जब तू मेरे गर्भ से उत्पन्न होगा, तभी राजपद को प्राप्त कर सकेगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन मनोज कुमार गुप्ता, राजेन्द्र द्विवेदी, कौशल किशोर विश्वकर्मा, कमल किशोर, नंदकिशोर, रमेश विश्वकर्मा, भाजपा नेता देवीदीन कुशवाहा, पूर्व सभासद दिनेश साहू, लक्ष्मण विश्वकर्मा, नरेंद्र, तेजप्रकाश विश्वकर्मा, चंदन कुशवाहा, अमित कुशवाहा, रज्जू, भोला, मोहन समेत तमाम भक्त उपस्थित रहे।


कथा का रसपान करते श्रोतागण, कथा वाचक गोपाल मिश्र (इनसेट में)।

# गणतंत्र दिवस पर बांदा में आन-बान और शान से लहराया तिरंगा

- पुलिस लाइन ग्राउंड पर जवानों ने परेड में की कदमताल
- जल शक्ति मंत्री ने ध्वजारोहण के बाद ली सलामी
- स्कूलों कालेजों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार:** समूचे जनपद में 75वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण और समारोहों की धूम रही। सरकारी व गैर सरकारी भवनों, कार्यालयों, स्कूलों, कालेजों और राजनीतिक दलों के कार्यालयों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान गाकर देश को नमन किया। सभी को संविधान के संकल्प की शपथ दिलाई गई।

पुलिस लाइन ग्राउंड में शुक्रवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी अंकुर अग्रवाल की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। पुलिस जवानों ने बैंड की धुनों पर कदमताल किया। जल शक्ति मंत्री ने एसपी के साथ परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर उन्होंने सम्मानित किया। इस मौके पर कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू व प्रतिनिधि अंकित बासू, बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।


पुलिस लाइन में सेना की वर्दी में तिरंगे को सलामी देते स्कूली छात्र।


आयुक्त कार्यालय चित्रकूटधाम में ध्वजारोहण करते कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी।


पुलिस परेड की सलामी लेते प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह।


कार्यक्रम के लिए बच्चों को सम्मानित करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह।

### स्कूलों और कालेजों में भी हुए विभिन्न कार्यक्रम

राजीव गांधी डीएवी महाविद्यालय में प्राचार्य डा.रामभरत सिंह तोमर ने ध्वज फहराया। डा.गरिमा द्विवेदी, विष्णु स्वरूप गुप्ता, डा.विवेक पांडेय, छोटेलाल आदि शामिल रहे। आदर्श बजरंग इंटर कालेज में प्रधानाचार्य मिथलेश कुमार पांडेय ने ध्वजारोहण किया। शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। संत तुलसी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक संत कुमार ने ध्वजारोहण किया। राजा देवी डिग्री कालेज में डा.संतोष तिवारी ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रबंधक संतोष सिंह व जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सीपी सिंह, नगर प्रचारक अनुराग, मुदित सिंह व प्रधानाचार्य अतुल वाजपेयी, कुलदीप श्रीवास्तव, अजय अवस्थी, एसके दीक्षित, बलराम सिंह कछवाह, तरुण खरे, अमरनाथ मिश्र आदि उपस्थित रहे। इसी तरह ड्रीम्स ऑफ लाईफ फाउंडेशन ने नवजीवन शिक्षा संस्कार केंद्र में डा.रीमा आर्या ने ध्वजारोहण किया। शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### मदरसा में भी फहरा तिरंगा

बबेरू तहसील क्षेत्र के हरदौली गांव स्थित मदरसा दारुल उलूम हश्मतुर्रजा जदीद में ध्वजारोहण हुआ। इस मौके पर मुफीद आलम, प्रबंधक मौलाना इदरीस कादरी, प्रधानाचार्य मौलाना नईमुद्दीन, गौस मुहम्मद, अब्दुल कलाम, रहनुमा, इकरा, सबा, सना आदि उपस्थित रहे। इसी तरह स्टेशन रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कांग्रेसजनों को भारतीय संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई।


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित महिला को सम्मानित करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

### अतर्रा में जोश के साथ लहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस पर शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य फादर टीअरूल राज ने ध्वजारोहण किया। तथागत ज्ञानस्थली इंटर कालेज में प्रधानाचार्य शिवशरण कुशवाहा, अतर्रा डिग्री कालेज में प्राचार्य डा.आरके दुबे व प्रबंधक योगेंद्र सिंह, हिंदू इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डॉ.राकेश पटेल, ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज में प्रबंधक सुरेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी, सरस्वती इंटर कालेज में प्रबंधक आशीष पांडेय व प्रधानाचार्य अर्चना वर्मा, तुलसी फ्लावर गार्डेन इंग्लिश मीडियम में अध्यक्ष भोली गौतम व प्रधानाचार्य जुगुल सोनी, नटखट बचपन इंटरनेशनल एमिटी स्कूल में मैनेजर राकेश गुप्ता, लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल में अमर त्रिवेदी, स्व.चंद्रशेखर पांडेय महाविद्यालय में प्रबंधक अखिलेश पांडेय व प्रधानाचार्य डा.राममिलन द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में एसडीएम रावेंद्र सिंह, अधिवक्ता संघ भवन में अध्यक्ष शिवनंदन यादव, नगर पालिका में अधिशाषी अधिकारी श्रीराम सिंह, राजकीय कृषि फार्म में अधीक्षक आशीष निरंजन, गांधी चौक में कांग्रेस नेता साकेत बिहारी मिश्र ने ध्वजारोहण और रमेशचंद्र कोरी ने पुष्पांजलि अर्पित की।


नरैनी में प्रभात फेरी निकालते बच्चे।

### नरैनी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस पर स्व.दीनदयाल आवासीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य गोरेलाल गुप्ता, राजकुमार इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राघवेंद्र सिंह, विवेकानंद इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य जमुना प्रसाद पाण्डेस, महिला पार्वती महाविद्यालय प्रधानाचार्य ममता त्रिवेदी, तहसील में उप जिला अधिकारी विकास यादव, बीआरसी में खंड शिक्षा अधिकारी रवींद्र वर्मा, नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन मूलचंद्र सोनकर, विकास खंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल, कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी, सीएससी में अधीक्षक विपिन शर्मा ने झंडारोहण किया। कृषक समाज उत्तर माध्यमिक विद्यालय पुकारी में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कस्बा के दीनदयाल इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कालेज, राजकुमार इंटर कालेज, सरस्वती ज्ञान मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर समेत अन्य विद्यालयों ने प्रभातफेरी निकाली। प्रभात फेरी में विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। स्कूलों में भी संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## पतौरा में ग्राम प्रधान ने किया ध्वजारोहण

महुआ ब्लाक क्षेत्र की पतौरा ग्राम पंचायत में 75वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। ग्राम प्रधान विनीता त्रिपाठी ने ग्राम सचिवालय में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस और चंद्रशेखर आजाद समेत आजादी के महानायकों को पुष्पांजलि अर्पित की। ग्राम प्रधान की अगुवाई में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांव में प्रभात फेरी निकाली। छात्र-छात्राओं को मिठाई बांटी गई। गणतंत्र दिवस का महत्व बताया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश त्रिपाठी, सचिव शैफाली मिश्रा समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।


कार्यालय पतौरा में ध्वजारोहण करती ग्राम प्रधान विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी।

### मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

आयुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान के संकल्प की शपथ दिलाई। कलक्ट्रेट परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ध्वजारोहण किया। सभागार में स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उनके आश्रितों को नारियल, शॉल तथा पुष्प देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एडीएम राजेश कुमार, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, एडीएम (नमामि गंगे) एमपी सिंह, सीटीओ विनोद कुमार, डिप्टी कलेक्टर लाल सिंह यादव सिटी मजिस्ट्रेट विजय शंकर तिवारी, सेवानिवृत्त तहसीलदार बनवारी लाल, श्री सत्य प्रकाश द्विवेदी, जिला बचत अधिकारी राकेश जैन आदि उपस्थित रहे।


नगर में तिरंगा यात्रा निकालते वैश्य एकता परिषद के पदाधिकारी।

### तिरंगा यात्रा निकाल जगाई राष्ट्र भक्ति की अलख

रोटी बैंक सोसाइटी और सर्व वैश्य चेतना समिति ने अलग-अलग विशाल तिरंगा यात्रा निकाल कर राष्ट्र भक्ति की अलख जगाई। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगन भेदी नार गूंजते रहे। गणतंत्र दिवस के मौके पर सर्व वैश्य चेतना समिति मंडल अध्यक्ष रामशरन साहू की अगुवाई में कालू कुआं चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई। बाबूलाल चौराहा, गूलरनाका, चौक बाजार, महेश्वरी देवी चौराहा, बलखंडीनाका, पद्माकर चैराहा, बाकरगंज चैराहा, ओवरब्रिज, महाराणा प्रताप चौक, बिजलीखेड़ा होते हुए वापस लौटकर यात्रा का समापन हुआ। राष्ट्र प्रेमियों ने कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# नई दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह के साक्षी बने जलयोद्धा व वाटर हीरो


समारोह के दौरान तिरंगा दिखाते पद्मश्री उमाशंकर पांडेय व वाटर हीरो रामबाबू तिवारी।

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार।** प्रसार भारती सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के आमंत्रण पर पद्मश्री सम्मान से सम्मानित जल योद्धा उमाशंकर पाण्डेय और वाटर हीरो रामबाबू तिवारी दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। गौरतलब है कि पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने भूजल संरक्षण की दिशा में जल जोड़ने के बेजोड़ तरीके से परंपरागत सामुदायिक जल क्रांति को जन्म दिया है। बुंदेलखंड में जन्मे श्री पांडेय को 70 वर्ष में पहली बार पिछले वर्ष सेवा के क्षेत्र में पद्मश्री अलंकरण से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सम्मानित किया था। वहीं अधांव गांव निवासी रामबाबू तिवारी ने बुन्देलखण्ड क्षेत्र में गांव-गांव जाकर पानी चौपाल और पानी पंचायत लगाकर सामूहिक श्रमदान के माध्यम से 74 से अधिक तालाबों का जीर्णोद्धार कराया। इस अभियान की सराहना विगत 27 जून 2021 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने "मन की बात" के रेडियो कार्यक्रम में कर चुके हैं।

# कर्तव्य पथ पर फ्रांस के राष्ट्रपति के सामने बैंड पर वैष्णवी ने दी प्रस्तुति

बांदा शहर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी विनय मिश्रा के अनुसार उनकी बेटी वैष्णवी ने बिरला बालिका विद्या पीठ के बैंड पर भारत समेत फ्रांस के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह बैंड में पिछले 65 वर्षों से लगातार गणतंत्र दिवस पर परेड में भाग ले रहा है। इसमें 51 छात्राएं शामिल थी। उन्होंने बताया कि बैंड पर प्रस्तुति देने वाले सभी 51 सदस्य आगामी 2 फरवरी को राजस्थान के राज्यपाल से भी मुलाकात करेंगे। वैष्णवी पिलानी (राजस्थान) के विद्यालय में कक्षा-8 की छात्रा है। वैष्णवी के पिता विनय मिश्रा और मां निरंजना मिश्रा ने बेटी की इस प्रदर्शन से बेहद खुश हैं।


बिरला बालिका विद्या पीठ के बैंड ने हुनर का प्रदर्शन किया। (इनसेट में) वैष्णवी।

# पीसीएस परीक्षा में चयनित आनंद को विद्यालय में मिला विशेष सम्मान

- नगर संघ चालक ने स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया

**संवाददाता बांदा।**

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यालय के पूर्व छात्र का चयन वर्तमान पीसीएस परीक्षा के घोषित रिजल्ट में हुआ, जिसमें उन्होंने अच्छी रैंक के साथ डिप्टी जेलर के पद पर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। विद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर भैया आनंद सिंह राजपूत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिला के संघ चालक सुरेंद्र कुमार पाठक ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार बाजपेई ने उनका आभार प्रस्तुत किया। छात्र आनंद सिंह राजपूत विद्यालय में कक्षा-6 से 12 तक की शिक्षा पूर्ण करके अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे और अपनी मेहनत की दम पर उन्होंने हाल ही में घोषित पीसीएस परिणाम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। भैया आनंद राजपूत ने 2013 में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उनके चयन से विद्यालय की प्रबंध समिति तथा सभी आचार्य व प्रवक्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने भैया को हार्दिक बधाई के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने भी भैया आनंद राजपूत को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।


आनंद सिंह राजपूत को सम्मानित करते नगर संघ चालक।

## एक नजर

### हजरत सूफी जमील निजामी का दो दिवसीय उर्स आज से

**मौदहा( हमीरपुर ) :** कस्बें सहित क्षेत्र के विख्यात सूफी संत और हजरत बाबा निजामी कम्हरिया शरीफ के खलीफा हजरत हाजी सूफी जमील उददीन निजामी रह .का दो दिवसीय सालाना उर्स रविवार और सोमवार को उनके आस्ताने कांशीराम कालोनी छिमौली रोड के निकट बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। उर्स के सिलसिले में रविवार सुबह बाद नमाज फजर मजार पर कुरआन ख्वानी, बाद नमाज़ जोहर तीन बजे चादर पोशी लंगर और बाद नमाज इशा कव्वालियों की महफिल होगी। जबकि अगले दिन यानी सोमवार की सुबह करीब दस बजे कुल शरीफ की फातहा के साथ दो दिवसीय उर्स का समापन होगा।

### समाधान दिवस में आई एकमात्र शिकायत

**मौदहा :** महीने के आखिरी शनिवार के मौके पर कस्बे की कोतवाली में एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर भू राजस्व से सम्बंधित एकमात्र शिकायत दर्ज की गई। जिसके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सहित अन्य जिम्मेदार मौजूद रहे।

### महिला को ले जाने के मामले में चार नामजद

**मौदहा :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से विवाहिता के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी कुंदन सिंह पुत्र मैयादीन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही संतोष उर्फ संतू, गुडडो, जाबर और मुन्ना लाल आदि ने उसकी पत्नी को कहीं गायब कर दिया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात कारणों के चलते किसान फंदे से लटका

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

धनौरी गांव निवासी किसान भगत सिंह (64) पुत्र कालीचरण ने गुरुवार की रात अपने घर के अंदर फांसी लगा ली। शुक्रवार की सुबह जब परिजनों ने जब उसे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि भगत सिंह के पास करीब आठ बीघा जमीन थी। जिस पर खेती किसानी व पशुपालन आदि कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक किसान अपने पीछे पत्नी ममता के अलावा तीन पुत्रों भान सिंह, राम प्रकाश व अरविंद सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। इस संबंध में कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है।

## महिला ने मायके में फांसी लगा दी जान

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के चिल्ला डेरा में शुक्रवार को एक विवाहिता ने ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर अपने मायके में रस्सी का फंदा गले में डाल आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चिल्ला डेरा की सोनिया ने पुलिस को सूचना दी बताया कि उसकी बेटी आरती (20) की शादी के बाद से ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर वह मायके में रहती थी। इन्हीं परेशानियों के चलते उसने घर के अंदर गले में रस्सी का फंदा डाल आत्महत्या कर ली। शादी के बाद से उसे कोई संतान नहीं हुई। कोतवाल चंद्रशेखर ने बताया कि घटना के कारण के संबंध में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकी है।

# केवट संवाद प्रसंग देखने को उमड़ा जनसैलाब


छिमौली गांव में राम केवट संवाद का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार


कार्यक्रम को देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

मौदह(हमीरपुर)

**अमृत विचार :** छिमौली गांव में गोसाईं बाबा स्थान पर मेला, प्रवचन तथा संजीव रामायण के राम केवट संवाद का सजीव मंचन के रूप में जगह-जगह रामलीला का आयोजन किया जाता है। लेकिन क्षेत्र में ऐसा मंचन जो काल्पनिक न होकर असल होता है जिसे देखने के लिए हजारों लोगों का हुजूम नदी के दोनों ओर उमड़ पड़ा।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छिमौली में चंद्रावल नदी पर रामायण के प्रमुख अंश केवट संवाद का आयोजन किया गया। इस प्रसंग में भगवान राम के चरणों को धुलवाकर निषाद राज द्वारा नदी पार कराई जाती है। जिसका मंचन देखने के लिए नदी के दोनों ओर हजारों की संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन छिमौली ग्राम प्रधान मीलू निषाद सहित ग्रामीणों की ओर से किया गया।

# परीक्षाओं का उड़ाका दल ने किया निरीक्षण, 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

## केन्द्र में संचालित परीक्षाएं नकल विहीन तथा शांतिपूर्ण ढंग से हो रही थी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार :** ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रही बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के दौरान जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त उडाका दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया।


सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण करते उड़ाका दल। अमृत विचार

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित हो रही है। परीक्षा के दूसरे दिन जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट राजीव कुमार तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त उडाका दल के संयोजक डॉ मुकुल सक्सेना ने प्रथम एवं तृतीय पाली की परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। केन्द्र में संचालित परीक्षाएं नकल विहीन तथा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही थी। केंद्राध्यक्ष डॉ स्वामी प्रसाद ने बताया कि प्रथम पाली में बीए, बीकॉम, बीएससी के पांचवें सेमेस्टर साथ परास्नातक स्तर के तृतीय सेमेस्टर हिंदी,अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान के कुल पंजीकृत 141 छात्र/छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए।द्वितीय पाली में बीएससी तृतीय सेमेस्टर के 40 छात्र/छात्रायें तथा सांय कालीन पाली में एमए प्रथम सेमेस्टर हिंदी, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान के कुल 138 पंजीकृत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। शनिवार को सम्पन्न हुई परीक्षा में कुल 13 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

## रुद्र महायज्ञ के समापन पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**कुरारा,अमृत विचार:** विकासखंड क्षेत्र के यमुना नदी किनारे बसे निन्नी घाट में बने स्थान पर रुद्र महायज्ञ की वर्षगांठ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के एक दर्जन गांव के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के यमुना नदी किनारे निन्नी घाट में विगत 4 वर्षों से रुद्र महायज्ञ की वर्षगांठ का आयोजन किया जाता है वहीं शनिवार को वर्षगांठ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मिश्रीपुर बरुआ, शिवनी, मंगलपुर, पचखुरा, सिमरा, जगनपुर, सिमरा, हरौलीपुर, उमराहट, मनकी आदि गांव के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया, कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, प्रवीण कुमार, दिनेश चतुर्वेदी, उमा दत्त चतुर्वेदी, मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा संघ ने निकाली जागरूकता रैली


सड़क सुरक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते एआरटीओ। अमृत विचार

**हमीरपुर,अमृत विचार :** ई रिक्शा संघ ने राष्ट्रीय पर्व पर यातायात पखवाड़ा में पुलिस लाइन में जागरूकता गोष्ठी आयोजित की। मुख्य अतिथि चेयरमैन कुलदीप निषाद ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अध्यक्षता अतिरिक्त उप अधिकारी खालिद अंजुम ने की। ई रिक्शा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने झंडी दिखा कर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में आरआई पुलिस लाइन, सब इंस्पेक्टर ललित नरायण द्विवेदी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर हरवेंद्र, रिक्शा संघ के मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह यादव, जिला संरक्षक इदरीश खान जिला सलाहकार ओम बाबू, हमीरपुर अध्यक्ष तिलक चंद्र गौतम, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष बाबूलाल निषाद, लकी सहित जिला/नगर कमेटी सहित तीन सैकड़ा से अधिक रिक्शा चालकों ने नगर भ्रमण किया।

# मुख्यालय सहित जिलेभर में दिखी गणतंत्र दिवस की धूम

## कार्यक्रम

- डीएम व प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर संविधान में उल्लिखित संकल्प की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचारः** जिले में 75 वें गणतंत्र दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चारों ओर देश भक्ति के गीतों की गूंज सुनाई दी। नन्हें मुन्ने बच्चे भी हाथों में अपने देश का तिरंगा झंडा लेकर उत्साहित होकर आते जाते दिखे। सरकारी व प्राइवेट संस्थानों, स्कूलों, कार्यालयों में शान से तिरंगा फहराया गया। पुलिस परेड ग्राउंड, कलेक्ट्रेट, स्कूलों समेत विभिन्न जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री मन्नू लाल व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने बेहतर कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा के साथ परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों कर्मचारियों को संविधान में उल्लिखित संकल्प की शपथ दिलाई। उधर सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में मुख्य अतिथि रामकरण सिंह (प्रबंधक) ने ध्वजारोहण किया। विशिष्ट अतिथि राधा कृष्ण ओमर, प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता, जयनारायन, गयादीन, आचार्य विजयभान सिंह, वेदप्रकाश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। रघुनन्दन सिंह आईटीआई में प्रबंधिका प्रियंका सिंह व प्रधानाचार्य द्रवेश कुमार ने ध्वजारोहण कर महापुरुषों के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मौदहा प्रतिनिध के अनुसार भीषण सर्दी और कोहरे के बीच क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की धूम रही। सभी सरकारी, गैर सरकारी प्रतिष्ठानों, विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ ही अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष रजामुहम्मद ने, तहसील में एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा, कोतवाली में क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने, सीएचसी में सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने, ब्लॉक में बीडीओ रामगोपाल ने ध्वजारोहण किया। सपा कार्यालय कपसा मार्ग में जावेद पहलवान मेजर ने स्थानीय लोगों के साथ तो कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने इलाही तालाब के जीओ कार्यालय के निकट तथा आंबेडकर पार्क में गणतंत्र दिवस मनाया। कुरारा प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत में चेयरमैन आशा रानी कबीर, विकासखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल व बीडीओ बिपिन गुप्ता, मंडी समिति में मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम, राम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में प्रबंधक पीयूष श्रीवास्तव, जीआईसी इंटर कॉलेज में प्रधानाध्यापक कमलेश अनुरागी, कोतवाली परिसर में एसएचओ योगेश तिवारी व क्षेत्र के डामर गांव में प्रधान रेखा कुशवाहा, ग्राम सिवनी में प्रधान सानू मोहम्मद, बरुआ में रुचि यादव, शेखूपुर में चिंतापाल, रिठारी में प्रधान इं.चंद्रेश सिंह गौर, भैंसा पाली में प्रधान किरन, झलोखर में गायत्री शिवहरे, जखेला में रामादेवी ने ध्वजारोहण किया। इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने रानी लक्ष्मी बाई, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भारत माता की झांकियां कस्बे से निकालते हुए मुख्य चौराहों से होते हुए कालपी हमीरपुर हाईवे होते हुए वापस विद्यालय में संपन्न हुई। कस्बा के एचएस कान्वेंट के छात्र छात्राओं ने डेढ़ सौ मीटर तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली।


मौदहा में गणतंत्र दिवस पर तिरंगे के साथ सरस्वती पब्लिक स्कूल की छात्रा अर्शी।


परेड में उपनिरीक्षक को प्रशस्ति पत्र देते प्रभारी मंत्री व एसपी। अमृत विचार


परेड की सलामी लेते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत। अमृत विचार


परेड में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। अमृत विचार


कुरारा कस्बे में रैली निकालते इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## आन बान और शान के साथ संस्थानों में फहराया गया राष्ट्रीय तिरंगा



उर्मिला देवी विद्यालय में राष्ट्रीय गीत पर प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार


सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में झंडा रोहण करते प्रिंसिपल रामेश्वर दयाल साथ में संस्थापक एस धनबालन।

**राठ (हमीरपुर),अमृत विचार :** कस्बा और क्षेत्र में 75 वें गणतंत्र दिवस की धूम रही। कस्बे के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों एवं संगठनों ने तिरंगा झंडा फहराया। जलविहार मंदिर में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने तिरंगा झंडा फहराकर सभी को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस का झंडा धूमधाम के साथ फहराया गया। तहसील में एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता ने व्यापारियों के साथ झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा .अखिलेश ने अस्पताल में तिरंगा झंडा फहराया। क्षेत्र के कछवा कलां गांव स्थित धर्मपाल सिंह इंटर कॉलेज में पूर्व मंत्री रामाधार सिंह ने तिरंगा झंडा फहराया। इसी तरह कस्बे के क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में प्रिंसिपल रामेश्वर दयाल, इंडस वैली पब्लिक स्कूल, प्रभा शिक्षा निकेतन अमगांव, अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय अमगांव, हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल, सेठ छोटे लाल एकेडमी, एपेक्स पब्लिक स्कूल, उर्मिला देवी, मां शारदा बालिका इंटर कालेज, सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, एन्ना हेंसन मिशन स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई शिक्षण संस्थान मल्हौंवा रोड, बचपन प्ले स्कूल, दीनदयाल इंटर कॉलेज चिकासी, बिंद्रावन इंटर कॉलेज चिकासी समेत सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने तिरंगा फहराया। इसके बाद स्कूलों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जहां पर बच्चों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। सागर दर्शन पार्क स्थित शहीद स्तम्भ में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों ने झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस मनाया। इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों ने मुख्य मार्ग से एक विशाल रैली निकाली, जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस सागर दर्शन पार्क में ही संपन्न हुई। इसके अलावा कस्बे की सामाजिक सांस्कृतिक समिति बज्मे तामीर लाइब्रेरी में डा .जमील राठवी ने और बडे पीर साहब के मदरसा में तिरंगा फहराया गया। इस दौरान लोगों ने राष्ट्र की अखंडता व उसके विकास में सहयोग करने का संकल्प लिया।

## दृढ़ोमर वेलफेयर सोसायटी ने फहराया तिरंगा

राठ :कस्बे के चेतनदास स्कूल व सहजोबाई स्कूल में दृढ़ोमर वेलफेयर सोसायटी द्वारा तिरंगा झंडा फहराकर 75वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान सोसायटी के अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता पप्पू धौहल ने झंडा रोहण के बाद बाबा चेतनदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कमलेश गुप्ता, ब्रजेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, मनोज चिल्ली, रोहित गुप्ता, प्रबंधक अशोक गुप्ता एडवोकेट व संरक्षक वेद प्रकाश गुप्ता आदि लोग रहे।


फीता काटकर दंगल का शुभारंभ करती चेयरमैन आशा रानी कबीर।


दंगल में दांवपेच दिखाते पहलवान।

## गणतंत्र दिवस पर दो दिवसीय दंगल शुरू

**कुरारा (हमीरपुर) अमृत विचार :** कस्बा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग प्रदेशों से आए पहलवानों ने अपने-अपने दांव पेंच के हुनर दिखाएं। वही कानपुर के पहलवान ने चंडीगढ़ के पहलवान को पटकनी दी। कस्बे में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीते 50 वर्षों पूर्व से गणतंत्र दिवस पर दो दिवसीय दंगल का आयोजन होता आ रहा है। जिसमें अन्य प्रदेशों के पहलवानों के रुकने व खाने पीने की व्यवस्था दंगल कमेटी द्वारा की जाती है। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने फीता काटकर दंगल का शुभारंभ किया और पहलवानों का परिचय लिया। वहीं शनिवार को आयोजित दंगल में इस्माइल कुतुबपुर ने जफर सिकंदरा को हराया। राम झींझक ने कल्लू औरैया को, गोविंद खरौंज ने मेघराज राठ को हराया। महेंद्र बामीपुरवा व किशनपाल औरैया के बीच अंश कानपुर व कुलदीप टेढ़ा के बीच बराबर की कुश्ती छूटी। रामदयाल परासन ने औरैया के रावेंद्र को, विक्रम झलोखर ने प्रीतम राठ को, राजू मसगांव ने छोटू महोबा को हराया। विनय धौहल व राधेश्याम बांदा के बीच व आबिद चुर्खी व प्रमोद भौली के बीच बराबर पर कुश्ती छूटी। गौतम बरेली ने रवि अलीगढ़ को, सरमन अलीगढ़ ने सुनील हरियाणा को, संजू कानपुर ने बंटी चंडीगढ़ को पटकनी दी। वही टेड़ा के दोनों सगे भाई कुलदीप व बीरेंद्र के बीच कुश्ती में बीरेंद्र विजयी रहा। रेफरी पप्पू गौतम, मलखान, छुट्टन ने निभाई। दंगल में ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, रमन सिंह आजाद दंगल अध्यक्ष, गुलाब सिंह, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, अनार सिंह यादव, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी को बूढ़ा न होने दें नौजवान : रामाधार सिंह लोधी


सपा के पीडीए पोस्टर दिखाकर जागरूकता अभियान की शुरुआत करते पूर्व मंत्री रामाधार सिंह लोधी साथ में जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी।

**राठ (हमीरपुर),अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर समाजवादी पार्टी द्वारा पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पीडीए की गांव स्तर पर चलने वाली सभाओं का शुभारंभ पूर्व मंत्री पूर्व विधायक रामाधार सिंह ने धर्मपाल सिंह इंटर कालेज कछवाकलां से शुरू किया। इस दौरान पूर्व मंत्री रामाधार सिंह ने संविधान सभा के अध्यक्ष डा .भीमराव आंबेडकर के साथ पूरी की पूरी संविधान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने युवाओं से आवाह्न करते हुए कहा कि सपा को कभी बूढ़ा नहीं होने देना है। उन्होंने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर एक पखवाड़ा तक चलने वाली पीडीए की सभाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी कछवा ने कहा यह अभियान प्रत्येक बूथ और सेक्टर में चलाया जाएगा। जिला सचिव रामस्वरूप किसान ने कहा कि सामाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जातीय जनगणना का होना बहुत जरूरी है। जातियों की संख्या बल के आधार पर ही उन्हें समानुपातिक हक और सम्मान मिल सकेगा। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष मेराज राइन, डा . कमलेश लोधी, कमल सिंह सेंगर, ब्रजराज सिंह, रमेश सिंह लोधी, रामरतन गुप्ता, प्रमोद प्रजापति, कल्लू राजपूत, अनिल सिंह, योगेंद्र सिंह समेत अनेक लोग रहे।

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


मौदहा कस्बे के फ्लैग मार्च करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**मौदहा :** गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस ने कस्बे की मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। दोपहर बाद कस्बे की कोतवाली पहुंचे जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने अपने सभी मातहतों के बाद बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद भारी पुलिस बल के साथ कस्बे की मुख्य सड़कों पर फ्लैगमार्च किया और लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

## इंडस वैली स्कूल में गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुई छात्रा


छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ .धनपत सिंह साथ में वाइस प्रिंसिपल अंकित शर्मा।

**राठ (हमीरपुर),अमृत विचार :** कस्बे के इंडस वैली पब्लिक स्कूल में 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ब्रजरानी अस्पताल के डायरेक्टर डा .धनपत सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर झंडारोहण किया। वहीं स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। समारोह के दौरान स्कूल के वाइस प्रिंसिपल अंकित शर्मा तथा समन्वयक ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हिंदी ओलम्पियाड में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले आठवीं कक्षा के छात्र सुयश कुमार को मुख्य अतिथि और प्रिंसिपल ने सम्मानित किया। इसके अलावा आठवीं कक्षा के छात्र अनिल को दौड़ प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने पर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा ने सभी को बधाई दी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा घायल


कार्यालय संवाददाता, उरई

- उरई किसी काम से आए थे दोनों चचेरे भाई, लौटते वक्त हुआ हादसा
- ट्रॉली में पीछे रेडियम रिफलेक्टर लगे होते तो शायद न होती घटना

**अमृत विचार।** उरई-जालौन स्टेट हाइवे पर अकोढ़ी दुवे गांव के सम्पर्क मार्ग के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। गलत दिशा में जा रहा ट्रैक्टर-ट्रॉली घने कोहरे की वजह से नजर नहीं आया जिसके चलते बाइक सवार पीछे से ट्राली में घुस गए। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने लहूलुहान हालत में दोनों को अस्पताल भिजवाया जहां पर एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली जालौन के मोहल्ला तोपखाना निवासी सरताज शाह 30 वर्ष अपने परिवार के ही भाई समीर शाह 22 वर्ष के साथ उरई किसी काम से गया था। जब दोनों बाइक से वापस जालौन लौट रहे थे। इसी दौरान जब वह दोनों जालौन-उरई स्टेट हाईवे के अकोढ़ी दुबे गांव के संपर्क मार्ग के पास पहुंचे ही थी कि वहां घने कोहरे की वजह से आगे चल रही मटर से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली नजर नहीं आई और पीछे से उसमें टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही बाइक ट्राली में फंसी रह गई और दोनों युवक गंभीर रूप से लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने सरताज को मृत घोषित कर दिया। जबकि समीर की हालत नाजुक बताई गई। पुलिस ने सरताज के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और हादसे की खबर परिजनों को दी। मौत की खबर से मुहल्ले में मातम छा गया। परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। लोग कह रहे थे कि ट्राली में रेडियम रिफलेक्टर लगा होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।



घटना स्थल ट्रॉली में फंसी बाइक व इनसेट में मृतक सरताज शाह की फाइल फोटो।

# तीन दिन से लापता युवक का शव नाले में मिला

कार्यालय संवाददाता, उरई

- जालौन कोतवाली क्षेत्र के पमां गांव का निवासी था युवक
- रेंढ़र थाना क्षेत्र के क्योलारी के नाले में मिला शव


मृतक की फाइल फोटो

**अमृत विचार।** तीन से लापता युवक का शव रेंढ़र थाना क्षेत्र के क्योलारी गांव के पास नाले में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई और फिर परिवार के लोगों को इसकी सूचना दी उधर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के पमां गांव निवासी मकरंद सिंह परिहार 35 वर्ष का शव संदिग्ध हालत में रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम क्योलारी के नाले में पड़ा मिला। बताया गया है कि मकरंद 24 जनवरी से लापता था, परिजनों ने इसकी खोजबीन की लेकिन उसकी खोई खबर नहीं मिली। शव मिलने की सूचना जैसे ही रेंढ़र थाना पुलिस को मिली, फौरन थाना प्रमुख दलबल के साथ मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त पमां निवासी मकरंद सिंह परिहार के रूप में हुई तो फौरन जालौन पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही जालौन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार मौके पर पहुंचे। वहीं सीओ राम सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। फोरेंसिंक टीम की मदद से घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए गए। फिलहाल सीओ का कहना है कि प्रथम दृष्टया सर्दी के मौसम में नाले में गिरने की वजह से मौत होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी। दूसरी तरफ परिजनों का हाल बेहाल है। अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**एट।** झांसी कानपुर रेल मार्ग पर शनिवार को एट स्टेशन यार्ड में 35 साल के युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार झांसी से कानपुर जाने वाले ट्रैक पर युवक का शव कटा हुआ पड़ा था। पॉइंट्स मैन ने इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक एट को दी। स्टेशन अधीक्षक ने जीआरपी को घटना के बारे में अवगत कराया। थानाध्यक्ष ने बताया मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### अंडा गांव में फंदा लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा निवासी चोखेलाल 55 वर्ष पुत्र चेतराम ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कच्चे घर की करई से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर सागर चौकी इंचार्ज बलराम शर्मा मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि चोखेलाल के तीन विवाहित बेटियां हैं और उसने शादी अपनी जमीन बेच कर की थी। वह अपनी बेटियों के साथ उरई में रह रहा था।।

### तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत में निस्तारित होंगे मामले

**उरई।** प्रभारी सचिव/सिविल जज सी0डि0 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गजेन्द्र सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार 29, 30 एवं 31 जनवरी 2024 को विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोकअदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के दिशा-निर्देशन में सम्बन्धित न्यायालयों में किया गया है। इसमें विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक प्रकृति के अधिकाधिक मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जाना है।

### अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**कुठौंद।** थाना क्षेत्र के गांव जमलापुर जुनारदार निवासी जिला पंचायत सदस्य विकल प्रजापति की 17 वर्षीय पुत्री नैन्सी ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सुबह के वक्त जब परिजन जागे और कमरे में देखा तो शव फंदे पर लटक रहा था। यह देखकर उसकी मां रेखा चीख पड़ी। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और गांव के लोग एकत्रित हो गए। फौरन घटना की सूचना कुठौंद पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे के अंदर छत में लगे पंखे से लटक रहे शव को नीचे उतारा। इसके बाद पंचायतनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन निकली कलश यात्रा


कलश यात्रा में चलते पारीक्षित एवं अन्य श्रद्धालु।

**कुसमिलिया।** डकोर कस्बे में राम जानकी मंदिर लोहा लंगर स्थान से भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन शनिवार को श्रीमद भागवत कथा का विधि विधान से पूजन अर्चन हुआ। इसके बाद भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। इसमें पीले वस्त्रों में सजी धजी महिलाएं सिर पर कलश लेकर साथ चली तो बैंडबाजों की धुन पर बज रहे भक्तिगीतों पर श्रद्धालु झूमते नाचते साथ चल रहे थे। पारीक्षित शिव कुमारी सिर पर कलश तो उनके पति रामबल्लभ दीक्षित सिर पर भागवत जी को लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा गोंड बाबा, गुरु बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, बड़े महावीर मंदिर , इंद्रेश्वर महादेव, बुंदेले बाबा मंदिर होते हुए राम जानकी लोहा लंगर मंदिर पहुंची। कथा वाचक भगवत नारायण समाधिया ने पहले दिवस की कथा सुनाते हुए भागवत पुराण की महिमा बताई। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बडे.ही सौभाग्य से प्राप्त होता है। इस दौरान सुरेश, रघुवीर यादव, बृजेश दीक्षित, सुरेश, संतोष तिवारी, अतर सिंह, कमलेश दीक्षित, सुरेंद्र यादव, देव सिंह,रजनीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### पौधों की निराई-गुड़ाई कर दिया श्रमदान व स्वच्छता का संदेश

**बांदा, अमृत विचार :** राजा देवी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में चौथे सामान्य शिविर का आयोजन किया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने रंगाई, पुताई व पौधों की निराई-गुड़ाई के साथ श्रमदान करके स्वच्छता से रहने का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में 12 जनवरी को तृतीय सामान्य शिविर का आयोजन किया था, जिसमें स्वामी विवेकानन्द जयन्ती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई थी। द्वितीय सामान्य शिविर पहली दिसम्बर 2023 को एड्स जैसी महामारी के प्रति जागरूक रहने व बचाव संबंधी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। स्वयंसेवको द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया था साथ ही इसका महत्व को बताया गया था। एनएसएस के सभी कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संतोष कुमार तिवारी व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवेन्द्र कुमार नामदेव की उपस्थिति में किया गया। सभी सामान्य शिविरों में महाविद्यालय के प्रवक्ता द्वारिका प्रसाद यादव, डॉ.दीप्ति द्विवेदी, डॉ.अजय कुमार वर्मा, डॉ.प्रियंका वर्मा, विवेक कुमार चौरसिया, नीलम गुप्ता, ऋचा सिंह, बिन्दु शुक्ला, सुरेश, एनएसएस के स्वयंसेवक जय सिंह, आस्था सैनी, ज्योति राजपूत, पवन आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


कालपी में तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपाई।

## कालपी तहसील भवन पर फहराया तिंरगा

**कालपी।** गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे कालपी क्षेत्र में उत्साह पूर्वक मनाया गया। उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल तथा तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने तहसील भवन पर तिरँगा फहराया। यहां पर दोनों ही अधिकारियों ने सँविधान की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि यह दुनिया का ऐसा सँविधान है जिसमे सभी जाति धर्म के लोगों की अस्मिता का ध्यान रखा गया है। संविधान सभी के लिए समान है। क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेन्द्र पचौरी ने कोतवाली भवन पर ध्वजारोहण किया और सभी पुलिस कर्मियो को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई। वन रेंज कार्यालय पर क्षेत्रीय वनाधिकारी संजय यादव द्वारा तिरँगा फहराया गया तो मण्डलीय ग्रामोद्योग एवं प्रशिक्षण केन्द्र में प्राचार्य शिशुपाल गोयल,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा अधीक्षक डा दिनेश बरतारिया, जेडीसी बैंक में शाखा प्रबंधक अनिल तिवारी, उपखण्ड कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव, गल्ला मण्डी में मण्डी सचिव आनन्द गुप्ता, पालिका कार्यालय में अध्यक्ष अरविंद यादव तथा कालपी कालेज कालपी में प्रबन्धक डा अरूण मेहरोत्रा ने एमएसवी इण्टर कालेज में प्रबन्धक डा नरेश मैहर एवं प्रधानाचार्य सुशील द्विवेदी के द्वारा तिरंगा फहराया गया। विद्यामंदिर इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य राघवेंद्र द्विवेदी ने, आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कालेज एवं दयानन्द विधा मंदिर में प्रबन्धिका प्रीति जैतिली ने शान से तिरँगा फहराया। भाजपा नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।

## बेटी के विवाह का शुभ मुहूर्त की पत्रिका लेकर जा रहे पिता की मौत

**संवाददाता, माधौगढ़, अमृत विचार।** अपने बेटी के विवाह का शुभ मुहूर्त की पत्रिका लेकर वर पक्ष के यहां जा रहे पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं साथ जा रहा रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना माधौगढ़ थाना क्षेत्र के भगवानपुरा के पास की है। जहां पर अनियंत्रित बाइक नाले में जा गिरी, जिस पर सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कानपुर देहात निवासी रामआसरे 55 वर्ष अपने रिश्तेदार राजकुमार के साथ बाइक से अपनी बेटी के शुभ लग्न पत्रिका( सुतकरा) लेकर मध्यप्रदेश के भिंड जा रहे थे। दोनों ही जालौन जनपद के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुरा गांव की रास्ता से जा रहा था। यह रास्ता शार्टकट है। जब बाइक सवार भगवानपुरा गांव के पास पहुंचे तभी राजकुमार का बाइक से संतुलन हट गया और तेज रफ्तार बाइक नाले में जा गिरी। गिरने की वजह से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा दोनों को अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर ने 55 वर्षीय राम आसरे को मृत घोषित कर दिया। राजकुमार की हालत गंभीर देखकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने उसके घर सूचना भेजी और इधर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नगर पालिका बोर्ड बैठक में विकास के लिए सर्वसम्मत से प्रस्ताव पास

- नगर पालिका बोर्ड बैठक में विकास के लिए सर्वसम्मत से प्रस्ताव पास
- सीवर लाइन से लेकर पेयजल व्यवस्था पर बनी सभी की सहमति
- मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नगर पालिका सभागार में बोर्ड की तीसरी बैठक आयोजित की गई। इसमें पालिका प्रशासन ने बजट पर चर्चा की तो बोर्ड के सदस्यों ने नगर के विकास कार्यों के प्रस्तावों को पटल पर रखा। इसमें नगर में जल निकासी से लेकर स्वच्छता, पेयजल के अलावा निर्माण कार्यों पर सभी की सहमति बनने पर प्रस्तावों को पास किया गया। शनिवार की दोपहर तीन बजे नगर पालिका परिषद कालपी की बोर्ड बैठक पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर के चतुर्मुखी विकास को कराने के लिए हम सभी लोगों को मिलजुल कर सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बोर्ड के सभी सदस्य अच्छे कार्य तथा विकास के लिए एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए सभी प्रयासरत रहें।

अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव की मौजूदगी में संचालन कर रहे एकाउंटेंट हरभूषण चौहान ने बजट प्रस्तुत किया। बोर्ड बैठक में मरम्मत एवं निर्माण कार्य करने पर सहमति जताई गई। प्रकाश, पेयजल तथा सफाई व्यवस्थाओं को लेकर प्रस्ताव पारित किये गये। नगर में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों को अनुमोदित किया गया।

नगरीय झील, तालाब एवं पोखर के संरक्षण योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने पर प्रस्ताव पास किया गया। व्यवसायिक दुकानों में 18 प्रतिशत जीएसटी धनराशि वसूली, कांशीराम आवासीय कॉलोनी के आवंटियों के सांकेतिक किराया 100 रुपए वार्षिक आरोपित कर वसूल किए जाने एवं आवासीय कॉलोनी में निर्मित दुकानों की नीलामी किये जाने पर प्रस्ताव किया गया। आयोजित हुई।

### भवनों के मानचित्र को स्वीकृति प्रदान की गई।

**कालपी।** बोर्ड बैठक में पालिका के माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 मासिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा विकास कार्यों की योजनाओं से संम्बंधित प्रस्तावों को प्रस्तुत करके चर्चा की गई। नगर के चतुर्मुखी विकास कराने के लिए पालिका की ओर जल्दी काम करने पर जोर दिया गया। बोर्ड बैठक में कपिल शुक्ला, सुनील पटवा, बरकत अंसारी, अतुल सिंह चौहान, कमलेश कुमारी, रियाजुल हक, पप्पी यादव, शशि गुप्ता, खान बाबू, नंदिनी जाटव,रज्जू खान,बालू, कमलेश यादव, भाग्यश्री, रईसा खातून, गीता पाल, पप्पू खान, नंदनी जाटव, अमरीश अग्रवाल, विनीता देवी, इकबाल अहमद एड., राजू शेख, निजाम खान, लाला खान,आशू यादव ,शिवम् यादव आदि सभासदों ने विचार प्रकट किए।

# घने कोहरे और सर्द हवाओं के बीच निकली गणतंत्र दिवस की परेड

- कारागार मंत्री ने ली परेड की सलामी, डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण
- सरकारी दफ्तरों से लेकर गांव के स्कूलों तक मनाया गया गणतंत्र दिवस

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** घना कोहरा व सर्द हवाएं भी देश प्रेम से ओतप्रोत जनपद वासियों के उत्साह को नहीं डिगा पाई। निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट व कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण किया, झण्डा फहराने के बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस की महत्वता और संविधान के मूल उद्देश्यों को बताया। वहीं पुलिस लाइन में जिले के प्रभारी मंत्री कारागार विभाग धर्मवीर प्रजापति ने परेड की सलामी ली। यहीं पर एसपी डॉ. ईरज राजा ने भी साथ में ध्वजारोहण किया। पुलिस बल ने परेड में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। शहर में प्रभात फेरी निकाली गई। सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके मौर्य, प्रभारी सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन ने ध्वजारोहण किया। नगर पालिका से लेकर अन्य दफ्तरों में ध्वजारोहण हुआ। शहर के सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों के साथ ग्रामीण इलाकों में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मनमोहा। भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली।


परेड में शामिल मुख्य अतिथि कारागार मंत्री। अमृत विचार

शान से फहराया तिरंगा


संविधान की शपथ दिलाते डीएम। अमृत विचार

## कदौरा में फहराया तिरंगा झंडा, बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम


**कदौरा।** नगर व क्षेत्र के समस्त विद्यालयों मे तिरंगा झंडा फहराया गया एवं विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कस्बे में स्थित हाजी अनीस खान कन्या महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। महाविद्यालय की छात्रा अजरा अंसारी,रिया,सुलुचना,हेमा,सलिनी,खिजरा खान,ताहरा,लक्ष्मी, सबरीन,आकांक्षा,खिजरा इस्तिफा खान,आदि के द्वारा देशभक्ति गीत,लोगगीत, क़व्वाली,प्रस्तुत की गई। प्रबंधक हाजी अनीस खान,फजल खान,सारिक बेग,अर्पण द्विवेदी ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

परेड में विजयी तिरंगा फहराते छात्र



## भारत विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण के बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं प्रबुद्धजनों को 75वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं दी। कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र है और प्रत्येक देशवासी को इस पर गर्व है। सभी एकजुट होकर देश की एकता अखंडता को कायम रखने के लिए संकल्प लें जिससे हमारा देश तेजी से तरक्की करें और नए आयामों को हासिल कर सके। जाति वर्ग तथा धर्म के भेदभाव को बुलाकर देश की तरक्की के लिए एक जुट होकर सक्रिय योगदान दें। हम सबको सभी लोगों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए हमें अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी तथा निष्पक्षता पूर्वक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पहुंच पहुचाकर उन्हें लाभांवित करें, तभी अमर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु आरती साहू आदि मौजूद रहे।


मेडिकल कॉलेज में ध्वजारोहण करते प्राचार्य।

## हमारे संविधान में सभी का सम्मान एवं स्वाभिमान समाहित

**उरई।** पुलिस लइन में परेड के मुख्य अतिथि कारागार एवं होमगाड्र्स ( स्वतंत्र प्रभार) के मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने 75वें गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस परेड की सलामी ली। परेड को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को आजादी दिलाने में वीर सपूत क्रांतिकारी और महापुरुषों का योगदान है उन सभी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। हमारे संविधान में सभी धर्मो, जातियों एवं वर्गों का सम्मान एवं स्वाभिमान समाहित है। केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। कहा कि किसी भी संकट के दौरान हमारे पुलिस जवानों ने अपने कर्तव्य मानव सेवा एवं देशभक्ति का मिसाल कायम किया है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि देश का मान पूरे विश्व में बढ़ रहा है। आज पूरे भारत देश में जम्मू काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तिरंगा फहराया गया। परेड में पुलिस के जवानों और महिला विंग ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किए। इस पर मौजूद अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने शाबाशी दी। आयोजित समारोह में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मियों, एनसीसी को मोमेंटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी दौरान बच्चों ने खूबसूरत अंदाज में संस्कृत कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा आदि अधिकारी मौजूद रहे।


अतिथियों के साथ सम्मानित मेधावी मेडल दिखाते हुए।

## सरावन में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**सरावन।** गांव में पुराने गांधी चबूतरा पर गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। यहां पर जूनियर स्कूल में महेंद्र प्रताप सिंह सेंगर ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सरकारी विद्यालय के बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सोनी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनीष नायक, कामिनीकांत द्विवेदी, कमलाकांत दुवे, करुणानिधि पांडेय, भाजपा नेता दिलपी आर्या, जावेद मंसूरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उमाचरण पांडेय ने किया। वहीं दूसरी तरफ सहकारी समिति पर अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रीपाल राठौर ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर देवेंद्र राठौर, नीरज याज्ञिक आदि मौजूद रहे। सहकारी संघ पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सत्येंद्र भदौरिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान लापतराय सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका में नेहा मित्तल, ब्लॉक में रामराजा ने किया ध्वजा रोहण

**जालौन।** नगर में 75वां गणतंत्र-दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर तहसील कार्यालय में एसडीएम सुशील कुमार ने ध्वज फहराया। झंडा चैराहे पर पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल व नगर पालिका परिषद में ईओ सीमा तोमर ने ध्वज फहराकर अमर शहीदों को याद किया। कोतवाली में सीओ रामसिंह द्वारा ध्वज फहराया गया। ब्लॉक परिसर में ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन एवं गल्ला मंडी में मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ने ध्वज फहराया। इसके अलावा नगर के सभी सरकारी तथा गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वज फहराकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर के शिक्षण संस्थानों में डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के संचालक डॉ. एमपी सिंह, सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल, कैलाशी देवी श्रवण कुमारी महाविद्यालय में प्रताप नारायण उर्फ लल्ला तिवारी, महाराणा प्रताप सांइस इंटर कॉलेज के प्रबंधक मंगल सिंह चैहान, कन्हैयालाल अग्रवाल बाल विद्या मंदिर की संचालिका खुशबू अग्रवाल, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एसबीडीएम इंटर कॉलेज में धीरज बाथम, आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा, एमएलबी इंटर कॉलेज में संचालक भूपेश बाथम, एमएल कान्वेंट स्कूल में गौरव गुप्ता, एनएसटी स्कूल में प्रबंधक बीएस तोमर ने ध्वजारोहण किया। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय पर्व के मौके पर ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया।


पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेतीं केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।


विद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से शपथ लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# शान से लहराया तिरंगा, फिजा में गूंजा भारत माता का जयघोष

## देशभक्ति के जज्बे के साथ धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण, लाइन में हुई परेड

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम एवं एसपी की भी रहीं मौजूदगी
- पुलिस लाइन के मैदान में लोगों में दिखा उत्साह

**अमृत विचार**। जिले में 75वां गणतंत्र दिवस का पर्व शुक्रवार को बड़े ही उल्लास, उमंग, उत्साह, स्फूर्ति एवं राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत होकर मनाया गया। शासकीय, अर्द्ध शासकीय भवनों, शिक्षण संस्थाओं आदि पर ध्वजारोहण हुआ और राष्ट्रगान एवं संविधान में लिखित गणतंत्र की शपथ दिलाई गई। डीएम सी. इंदुमती ने कैम्प कार्यालय, कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर सलामी ली और शपथ दिलाई। उसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में विचार गोष्ठी हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आजाद भारत के रूप में 75 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, हमारा देश पूरी दुनिया में आज एक परिपक्व राष्ट्र के रूप में भूमिका निभा रहा है। इस राष्ट्रीय पर्व को पूरा देश मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू किया गया था। इसी के तहत नीति नियम को बना कर धरातल पर लागू करने का आधार है संविधान, इसलिए हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। जिसमें मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के विषय में भी संविधान याद दिलाता है।

उन्होंने कहा कि संविधान में निहित प्रावधानों के तहत बिना भेद भाव के साथ लोगों का कार्य किया जाय तभी भारत वर्ष विकसित राष्ट्र बन सकता है।


महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते क्षेत्रीय वन अधिकारी व कर्मचारी।

### शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान

जिलाधिकारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में शहीद स्तंभ पर पुष्प चक्र अर्पित का नमन किया। वहीं युद्ध में शहीदों के परिजनों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया और कहा कि आप सब लोगों का कार्य करना हमारा कर्तव्य है क्योंकि आप सबने देश की रक्षा के लिए अपने जिंदगी भी दांव पर लगा दी है।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने ली परेड की सलामी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार**। 75वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी ली। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नागरिकों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई और परेड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने केन्द्रीय राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि हम लोग आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर रहे हैं। आने वाले गणतंत्र दिवस को हम लोग अमृतकाल में मनाएंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित करना एक पुनीत कार्य है, जिसका सम्मान किया गया उससे हमें प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अच्छे कार्य करना। देश की आजादी में हमारे जवानों का अतुल्यनीय योगदान है, देश को आजाद कराने में फतेहपुर के बलिदानियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हम सबको एकजुट होकर कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी-20 का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा अपनी उपलब्धियों की एक झलक दिखाई साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अपर उप जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारिओं में निचली गंगा से अधिक्षण अभियन्ता, नलकूप खण्ड से अधिक्षण अभियन्ता, खाद्य एंव विपरण अधिकारी, क्षेत्रीयवन अधिकारी आदि लोगों ने भी झण्डा रोहण कर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाया ।

### महर्षि विद्या मंदिर में दिखी संस्कृति की झलक

**फतेहपुर**। शहर के महर्षि विद्या मन्दिर में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने संविधान में लिखित संकल्प को भी दोहरवाया। उन्होंने कहा कि भारत विविध भाषा संस्कृतियों और परंपराओं का देश होकर भी एकता और अखण्डता का सन्देश सदियों से दे रहा है। भारत पृथ्वी पर ही नहीं चांद पर भी अपनी चमक छोड़ रहा है। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अर्जुन सिंह ने कहा कि देश नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कहा कि हमें संविधान में लिखित अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते सीपीएस के छात्र। अमृत विचार

### देशभक्ति जज्बे के साथ बच्चों ने मचाया धमाल

**फतेहपुर**। चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल बिंदकी में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अनिल कुमार यादव, तहसीलदार अखिलेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी निरुपमा प्रताप, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव आदि रहे। समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया गया। प्रधानाचार्य नितिन त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### झांकियों ने मोह लिया मन

**खागा**। गणतंत्र दिवस पर खखरेरु नगर के क्षेत्रीय विद्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी कार्यालय में झंडारोहण किया गया। इस बीच तिरंगा फहराने के साथ विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियां नगर पंचायत खखरेरू में निकाली गई। नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस आदि झांकियां तथा थाना अध्यक्ष ने पब्लिक नेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा सलामी भी दी गई। पंडित जवाहरलाल इंटर कॉलेज खखरेरू, आदर्श बाल विद्यालय जूनियर हाई स्कूल खखरेरू, विद्यालय सितलूपुर सरस्वती ज्ञान मंदिर खखरेरू में नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।


बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकियां।


अतिथियों को पुरस्कार वितरित करते विधायक राजेंद्र सिंह पटेल।

### भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा...

फतेहपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिंदकी में बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम से लोगों को ओतप्रोत कर दिया। अध्यक्ष अशोक मिश्र विभाग संचालक ने ध्वजारोहण किया। जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, एसडीएम बिंदकी अनिल कुमार यादव, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, बिंदकी नगर पालिका चेयरपर्सन राधा साहू, प्रधानाचार्य बलराम सिंह तथा बाल कल्याण समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। विधायक राजेंद्र पटेल ने अमर शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। एसडीएम ने देश को आजादी दिलाने वाले क्रांतिकारियों को याद किया। भैया बहनों ने भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा समेत अन्य तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्राक: 1546 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 23/01/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सूरज पुत्र दशाराम | श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र शम्भूदयाल | दीवानपुरा-2 | 03 | पंजीकृत बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
राठ - हमीरपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्राक: 1489 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 12/01/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती राजनी देवी पत्नी स्व0 उमेश कुमार व श्री कपिल कुमार व हर्ष अग्रवाल व आशीष अग्रवाल पुत्रगण स्व0 उमेश कुमार अग्रवाल | श्री उमेश कुमार अग्रवाल पुत्र छन्नी अग्रवाल | चौबट्टा | 25 | 284 | पंजीकृत बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 1547 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 23/01/2024

म्युटेशन सूचना

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल सिकन्दरपुरा-3 वार्ड-5 राठ में स्थित गृह सं0 303 में श्रीमती जानकी देवी पत्नी पंचमलाल का नाम अंकित है। प्रार्थी गणो श्री सतोष कुमार पुत्र स्व0 पंचमलाल व श्रीमती गीता देवी पत्नी संतोष कुमार ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 30.11.2022 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी गणों द्वारा उक्त मकान के जुज भाग पर रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल सिकन्दरपुरा-3 वार्ड-5 में स्थित भवन सं0 303 पर अंकित श्रीमती जानकी देवी पत्नी पंचमलाल के जुज भाग पर बट्टे में करके श्री संतोष कुमार पुत्र स्व0 पंचमलाल व श्रीमती गीता देवी पत्नी संतोष कुमार का नाम अंकित कर दिया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्राक: 1498 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 19/01/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी दिनेश कुमार | श्री शहजाद मन्सूरी पुत्र अब्दुल गफूर | लुधियातपुरा -1 | 06 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर


## कस्बे के दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर जूनियर प्रतियोगिता में हुआ चयन

सुमेरपुर। राष्ट्रीय स्तर जूनियर एथलेटिक्स के लिए कस्बे के दिग्विजय पब्लिक स्कूल के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह दोनों खिलाड़ी 19वीं नेशनल एथलीट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अहमदाबाद गुजरात जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के माध्यम से 19वीं नेशनल डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए समिति के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें कस्बे के दिग्विजय पब्लिक स्कूल की 6वीं की छात्रा तनवी पाल व 8वीं के छात्र कृष्णा विश्वकर्मा के अलावा रिया, नैंसी, रिषी, प्रेम कुमार, गौरी यादव, सत्यसी खेवरिया, ह्रदेश दीक्षित, भावना, मिताशी, दीक्षा, मोहनी आदि खिलाड़ियों का चयन हुआ है। विद्यालय के खेल शिक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता आगामी 16 से 18 फरवरी तक अहमदाबाद गुजरात में होना सुनिश्चित की गई है। जिसमें दिग्विजय पब्लिक स्कूल के यह दोनों खिलाड़ी 19वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर, अमृत विचार**। पक्का तालाब स्थित ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में वार्षिकोत्सव परवाज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अजीजुर्रमान सिद्दीकी आजाद ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अबुल कलाम की तरह बनना है तो उनकी जीवनी पढ़ें। घर से शुरू हुआ ब्रिलियंट ओरियंयल स्कूल अब बड़ा आकार ले चुका है। बच्चों ने स्वागत गीत पेश किया। मुख्य अतिथि का स्वागत चेयरमैन वासिफ हुसैन, आसिफ हुसैन, अहमद उमैर, वकील अहमद. सूफिया, नावेद अहमद, अर्शिया, दरख्शां, शबनम, शगुफ्ता, शबीना ने शाल व मोमेंटो देकर किया। गेस्ट आफ आनर महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी का स्वागत वासिफ हुसैन, अहमद उमैर, आसिफ हुसैन, शकील सिद्दीकी, ताहिर हुसैन का स्वागत किया।

## पीटे गए वृद्ध की मौत

**संवाददाता, सरीला (हमीरपुर), अमृत विचार**। थाना जलालपुर के एक गांव में अवैध संबंधों के शक में 65 वर्षीय वृद्ध की पांचवें दिन इलाज के दौरान झांसी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। बता दें कि जलालपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी वृद्ध रामआसरे कुशवाहा के दामाद अरविंद कुशवाहा और ब्रजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि उसके ससुर रामआसरे खेती किसानी करते थे, जिनको गांव के ही लोगों ने मारा पीटा था। जिससे उनकी मौत हो गई। सीओ आशीष यादव ने बताया कि अवैध संबंधों के शक में राम आसरे को पीटा गया था, जिससे उसकी मौत हुई हैं, फिलहाल आरोपी पिता-पुत्र फरार हैं।

## 224 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह संपन्न

**हमीरपुर**। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 224 जोड़ों का सामूहिक विवाह राठ के बीएनवी इंटर कॉलेज में हुए। जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत जयन्ती राजपूत, विधायक मनीषा अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया ने प्रमाण पत्र वितरित किए। विधायक ने कहा प्रदेश में इतने बृहद स्तर में विवाह जैसे कार्यक्रमों का आयोजन शासकीय अधिकारियों द्वारा व्यवस्थित ढंग से कराया जाना पुण्य का काम है।

## बाड़े से 70 भेड़ें चोरी

बिंदकी। कोतवाली क्षेत्र के भेउली गांव निवासी गया प्रसाद भेड़पालन का काम करता है। शुक्रवार की देर शाम वह अपनी 70 भेड़ों को चारा खिलाकर बाड़े में बंद कर घर आ गया था। शनिवार की सुबह जब वह बाड़े में गया तो दरवाजे खुले थे और अंदर जाकर देखा तो पूरी भेड़े गायब थी। घटना की जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी। प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि भेड़ों की तलाश की जा रही है।

मांग | गाजीपुर से विजयीपुर तक 34 किमी की जर्जर सड़क बनवाने की मांग, कहा अगर रोड नहीं बनीं तो वोट का होगा बहिष्कार

# ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को खून से लिखकर भेजा खत

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार**। यमुना कटरी के गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। इसको बनवाने की मांग को लेकर सड़क संघर्ष समिति के संयोजक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खून से खत लिखकर मुख्यमंत्री के नाम भेजा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वोट का बहिष्कार किया जाएगा।

सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद दीक्षित के नेतृत्व में ग्रामीणों ने असोथर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के पास बैठककर 34 किलोमीटर गाजीपुर से विजयीपुर सड़क मार्ग को बनावने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम खून से खत लिखकर भेजा है। सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि फतेहपुर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली यमुना कटरी क्षेत्र की 34 किलोमीटर मुख्य सड़क गाजीपुर से विजयीपुर मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया है। इस मार्ग पर वर्तमान समय में वाहन तो दूर की बात पैदल चलना मौत को दावत देने के बराबर है। यह मार्ग यमुना कटरी के करीब 300 गांव को जोड़ती है। इससे लगभग ढाई लाख ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। हम लोगों ने सड़क मार्ग को बनवाने के लिए 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 में सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। आंदोलन के दौरान क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, अधिकारियों ने सड़क मार्ग को एक माह के अंदर काम शुरू कराने का वादा करते हुए आंदोलन को खत्म करा दिया था। उसके बाद से कोई भी इस ओर देखने तक नहीं आया। ग्रामीणों ने खून से खत लिखकर मुख्यमंत्री को भेजते हुए सड़क मार्ग को बनवाने की मांग की है। अगर लोकसभा चुनाव के पहले इस मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार इस क्षेत्र के ग्रामीण करेंगे। खून से खत लिखने वाले लोगों में सुमेर सिंह, सत्यदेव पांडये, रावेंद्र सिंह, संजय सक्सेना, बूंदी द्विवेदी, प्रदीप दीक्षित, राम सजीवन रहे।


खून से लिखा खत दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

# पैन इंडिया कैम्पेन-2024 का जिला कारागार में हुआ शुभारम्भ

संवाददाता, हमीरपुर।

**अमृत विचार**। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर द्वारा जिला कारागार में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में पैन इंडिया कैम्पेन-2024 का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीतांजलि गर्ग ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नाबालिग बंदियों को किशोर न्याय कानून का लाभ प्रदान करना है। जेल पीएलवी ऐसे बंदियों को चिन्हित करेगें जो अपराध के समय 18 वर्ष से कम उम्र के थे। उनका प्रार्थना पत्र पैनल अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रेषित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला कारागार के जेल अधीक्षक जीआरवर्मा, जेलर केपी चंदीला, डिप्टी जेलर देवेन्द्र दुबे, डिप्टी जेलर सर्गेश कुमार, डिप्टी जेलर सरला देवी, पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र बहादुर, शिव बरन सिंह, जेल पीएलवी प्रेम प्रकाश, प्रलयंकर, डॉली उर्फ प्रीति आदि उपस्थित रहे।


जिला कारागार में पैन इंडिया कैम्पेन 2024 को लेकर बैठक करते न्यायिक अधिकारी।

